# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद

मुख्य भवनब्लॉक–5

**डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, जे.एल.एन मार्ग, जयपुर**

**क्रमांकः रा.स्कू.शिप. / जय / 2025–26 /** **दिनांक :**

## विद्यालयों में करियर मार्गदर्शन सत्र हेतु वार्षिक शैक्षणिक पंचांग (2025-26)

एनईपी 2020 (Task-238) की अनुपालना हेतु, कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थिओं के लिए राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा व्यापक करियर शिक्षा कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम करियर की जानकारी, मार्गदर्शन और परामर्श, मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन और विद्यार्थिओं के साथ कक्षा में बातचीत सहित विभिन्न पहलुओं को समाहित करता है, जो विद्यार्थिओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से जोड़ता है।

कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को विभिन्न करियर अवसरों की जानकारी, करियर चुनने के लिए आवश्यक समझ एवं क्षमताओं को अर्जित करने के लिए वर्कबुक का निर्माण किया गया है। विद्यार्थियों को अपने करियर चुनने की प्रक्रिया में चिंतन करने में सहयोग देने और आवश्यकतानुसार जानकारी उपलब्ध करने हेतु शिक्षकों की क्षमतावर्धन के हैन्ड्बुक का निर्माण किया गया है। विद्यार्थिओं को विभिन्न करियर अवसरों की जानकारी देने के लिए नवीन करियर पोर्टल का निर्माण किया गया है। इस पोर्टल में आर एस सी ई आर टी द्वारा तैयार 600 जॉब कार्ड्स हैं । प्रत्येक जॉब कार्ड 2 पृष्ट का है जिसमे जॉब के बारे में संक्षिप्त में सभी आवश्यक जानकारी दी गई है। **(https://cg.rjasthan.gov.in)**

शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रत्येक ब्लॉक पर करियर मार्गदर्शन के लिए एक अकादमिक सन्दर्भ व्यक्ति को लगाए जाने हेतु जारी किये दिशानिर्देशों में विद्यालयों में करियर सम्बंधित गतिविधियों को किये जाने का उल्लेख है। शैक्षणिक सत्र **2025 - 26** हेतु कक्षा **9** से **12** में अध्ययनरत विद्यार्थिओं के लिए करियर मार्गदर्शन की गतिविधियों के संचालन हेतु वार्षिक शैक्षणिक पंचांग विकसित किया गया है। इस वार्षिक करियर कैलेंडर के अनुसार समस्त राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में करियर मार्गदर्शन की गतिविधियों का संचालन किया जाना है।

### शिक्षकों के लिए निर्देश-

- करियर मार्गदर्शन सत्रों के प्रभावी संचालन की समझ विकसित करने हेतु कृपया वर्चुअल ओरिएंटेशन वेबिनार में अनिवार्य रूप से सहभागिता करें अथवा संबंधित ओरिएंटेशन वीडियो का अवलोकन करें।
- कक्षा 9 वीं के विद्यार्थियों हेतु 'सफर' पुस्तिका यदि विद्यालय में उपलब्ध हो तो कृपया उन्हें विद्यार्थियों को वितरित करें।
- कक्षा 10 वीं, 11 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाए कि वे करियर मार्गदर्शन गतिविधियों हेतु एक पृथक कॉपी/नोटबुक रखें।
- आवश्यकतानुसार वर्कशीट्स के प्रिंटआउट निकालकर विद्यार्थियों को प्रदान किए जाएँ।
- विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध 600 करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी हेतु नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करें। https://cg.rajasthan.gov.in/careerguidance/

- करियर मार्गदर्शन से संबंधित वर्कशीट्स एवं वीडियो सामग्री के अध्ययन हेतु नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करें। करियर गाइडन्स कंटेन्ट : वर्कशीट्स व वीडियो

  https://drive.google.com/drive/folders/1ZOHmzNIlVbrQs0vhB9ZLe43tjmee0VTI?usp=drive_link

विद्यालय स्तर पर शिक्षकों द्वारा आयोजित किए जाने वाले करियर मार्गदर्शन सत्रों का वार्षिक शैक्षणिक पंचांग-

| माह | कक्षा **9**<br>'सफर' पुस्तिका | कक्षा **10**<br>**(मेरा अगला कदम)** | कक्षा **11**<br>**(करियर का अनुभव)** | कक्षा **12**<br>**(मेरा करियर प्लान)** |
|---|---|---|---|---|
| जुलाई | **1. करियर से संबंधित शब्दावली**<br>• विद्यार्थियों से यह गतिविधि कक्षा में कराएँ - अपनी आँखें बंद कर कल्पना करें की वे 21 वर्ष के हो गए है - वे क्या बन गए है, उनके पास क्या होगा और वे कैसा महसूस कर रहे होंगे इसे अपनी नोटबुक में लिखने को कहें - इसके लिए वर्कशीट 9.1.pdf का उपयोग कर सकते है। (10 min )<br>• 'सफर' पुस्तिका में उल्लेखित संबंधित गतिविधि 1 - 'करियर से संबंधित शब्दावली' को पूरा करें। (20 min)<br>• इस सत्र से विद्यार्थियों को करियर का महत्व समझने में मदद मिलेगी। | **1. मेरा दृष्टिकोण**<br>• विद्यार्थियों से यह गतिविधि कक्षा में कराएँ — अपनी आँखें बंद कर कल्पना करें कि वे 25 वर्ष के होने पर उनका जीवन कैसा होगा। (10 min)<br>• इसके लिए वर्कशीट 10.1.pdf का उपयोग कर सकते है।<br>• अब 4 से 5 विद्यार्थियों के समूह बनाए और उन्होंने क्या सोचा है यह एक दूसरे के साथ साझा करने को कहें। (20 min)<br>• सभी विद्यार्थियों से कहें की वे एक दूसरे की बात को निष्पक्ष रूप से सुने और | **1. मेरा दृष्टिकोण**<br>• विद्यार्थियों से यह गतिविधि कक्षा में करवाएँ - अपनी आँखें बंद करें और कल्पना करें कि जब वे 30 वर्ष के होंगे तब उनका जीवन कैसा होगा। (10 min)<br>• इसके लिए वर्कशीट 11.1.pdf का उपयोग कर सकते है।<br>• अब 4 से 5 विद्यार्थियों के समूह बनाए और उन्होंने क्या सोचा है यह एक दूसरे के साथ साझा करने को कहें (20 min)<br>• सभी विद्यार्थियों से कहें की वे एक दूसरे की बात को निष्पक्ष रूप से सुनें और किसी प्रकार की टिप्पणी ना करें। परन्तु | **1. मेरा दृष्टिकोण**<br>• विद्यार्थी भविष्य से संबंधित स्वयं को एक पत्र लिखें — यह मानते हुए कि वे 20 वर्ष आगे के समय में हैं। इस पत्र में वे उल्लेख करें कि वे उस समय क्या कर रहे हैं और वहाँ तक कैसे पहुँचे (10 min)<br>• इसके लिए वर्कशीट 12.1.pdf का उपयोग कर सकते है।<br>• अब 4 से 5 विद्यार्थियों के समूह बनाए और उन्होंने क्या सोचा है यह एक दूसरे |

RajKaj Ref No.:
16562741
eSign DSC

| माह | कक्षा **9**<br>‘सफर’ पुस्तिका | कक्षा **10**<br>**(**मेरा अगला कदम**)** | कक्षा **11**<br>**(**करियर का अनुभव**)** | कक्षा **12**<br>**(**मेरा करियर प्लान**)** |
|---|---|---|---|---|
| | | किसी भी प्रकार की कोई टिप्पणी ना करें। परन्तु बेहतर तरीके से समझने के लिए प्रश्न कर सकते हैं।<br>• यह गतिविधि विद्यार्थियों को अपने भविष्य के बारे में सोचने में और आगे करियर का महत्व समझने में मदद करेगी। | बेहतर तरीके से समझने के लिए प्रश्न कर सकते हैं।<br>• यह गतिविधि विद्यार्थियों को अपने भविष्य के बारे में सोचने में और आगे करियर का महत्व समझने में मदद करेगी । | के साथ साझा करने को कहें। (20 min)<br>• सभी विद्यार्थियों से कहें की वे एक दूसरे की बात को निष्पक्ष रूप से सुने और किसी भी प्रकार की टिप्पणी ना करें। परन्तु बेहतर तरीके से समझने के लिए प्रश्न कर सकते हैं।<br>• यह गतिविधि विद्यार्थियों को अपने भविष्य के बारे में सोचने में और आगे करियर का महत्व समझने में मदद करेगी। |
| अगस्त | **2.** मेरे आस पास के लोग और उनके करियर<br>• विद्यार्थियों को एक समूह में या सहपाठी के साथ अपने आस-पास के लोगों के | **2.** करियर का चयन<br>• विद्यार्थियों से कहें कि वे अपनी रुचि, क्षमता और वास्तविकता के आधार पर अपने | **2.** करियर को खुद से जोड़ना<br>• विद्यार्थी समझेंगे कि कैसे किसी व्यक्ति की रुचियाँ, योग्यताएँ, | **2.** मेरे करियर विकल्प की उपयुक्तता<br>• विद्यार्थी अपने करियर विकल्पों की |

RajKaj Ref No.:
16562741
eSign DSC

| माह | कक्षा 9<br>'सफर' पुस्तिका | कक्षा 10<br>(मेरा अगला कदम) | कक्षा 11<br>(करियर का अनुभव) | कक्षा 12<br>(मेरा करियर प्लान) |
|---|---|---|---|---|
| | करियर के बारे में जानकारी एकत्रित करने हेतु प्रेरित करें और 'सफर' पुस्तिका गतिविधि 2 - मेरे आस- पास के लोग और उनके करियर को पूरा करने को कहें । (10 min)<br>• कक्षा में राजस्थान के पारंपरिक व्यवसायों एवं करियर विकल्पों पर चर्चा आयोजित करें। साथ ही विद्यार्थियों ने जो जानकारी एकत्रित की उसे कक्षा में प्रस्तुत करने को कहें (30 min)<br>• इससे विद्यार्थी अपने आस- पास के करियर विकल्प पहचानेंगे।<br>**3.** मेरे आस -पास के करियर<br>• विद्यार्थियों को समूह में या सहपाठी के साथ विभिन्न कार्य क्षेत्रों में कम से कम पाँच करियर विकल्प (पेशा/नौकरी) लिखने हेतु प्रेरित करें और 'सफर' पुस्तिका गतिविधि 3 - मेरे आस -पास के करियर को पूरा करने को कहें। | करियर विकल्पों के बारे में सोचें। इस प्रक्रिया में वर्कशीट 10.2.pdf की मदद लें। (30 min)<br>• यदि किसी विद्यार्थी ने अब तक रुचि एवं क्षमता परीक्षण नहीं किया है तो उन्हें तुरंत परीक्षण पूरा करने हेतु कहें ताकि वे स्वयं को बेहतर समझ सकें एवं उपयुक्त करियर विकल्प का चयन कर सकें।<br>रुचि परीक्षण.pdf | वास्तविकताएँ, कौशल, और अनुभव उसके करियर के विकास को प्रभावित करते हैं। इस गतिविधि में वर्कशीट 11.2.pdf की मदद लें। (10 min )<br>• कक्षा में विद्यार्थियों को संवाद करवाएँ कि उन्होंने जो स्ट्रीम चुनी है, उसके पीछे क्या कारण हैं और वह उनके उनके करियर विकल्प से कैसे संबंधित है। यदि वे असमंजस में हों तो उन्हें रुचि, योग्यता(Apptitude) और वास्तविकता परीक्षण करने को कहें। (20 min)<br>**3.** करियर का चयन<br>• विद्यार्थी वर्कशीट का उपयोग करके यह सोचें कि क्या उनके करियर विकल्प उनकी रुचि, क्षमता और वास्तविकता के अनुरूप हैं। (30min)<br>• इस गतिविधि में वर्कशीट 11.3.pdf की मदद लें।<br>**4.** कौशल और योग्यता<br>• विद्यार्थी अपने | समीक्षा करें। इस गतिविधि में वर्कशीट 12.2.pdf की मदद लें। (10 min)<br>• कक्षा में कोई दो लड़कों और दो लड़कियों को अपना करियर विकल्प पर संवाद करने को कहें, अगर कोई विकलांग विद्यार्थी हो तो उसे भी संवाद करने का अवसर जरूर दें। (20 min) |

RajKaj Ref No.: 16562741
eSign DSC

| माह | कक्षा **9**<br>'सफर' पुस्तिका | कक्षा **10**<br>**(**मेरा अगला कदम**)** | कक्षा **11**<br>**(**करियर का अनुभव**)** | कक्षा **12**<br>**(**मेरा करियर प्लान**)** |
|---|---|---|---|---|
| | • इस पर कक्षा में चर्चा आयोजित करें और विद्यार्थियों को इन करियर पर बात करने का अवसर दें। (30 min)<br>• इससे विद्यार्थी अपने आस-पास के करियर विकल्प को पहचानेंगे। | | चयनित करियर क्षेत्र के लिए आवश्यक योग्यताएँ, प्रवेश परीक्षाएँ तथा कौशल आवश्यकताओं की पहचान करें।<br>• इसके लिए वे करियर कार्ड का उपयोग करें।<br>• विद्यार्थियों के समूह बनाएँ। प्रत्येक समूह को करियर कार्ड के माध्यम से विभिन्न करियर कौशल और योग्यता की जानकारी एकत्रित करने दें। (20 min)<br>• उस जानकारी को एक चार्ट पेपर पर दर्शाने को कहें। इसके बाद प्रत्येक समूह एकत्रित जानकारी को कक्षा में साझा करें। (10 min)<br>करियर कार्ड्स लिंक**:** https://cg.rajasthan.gov.in/careerguidance/ | |
| सितंबर | **4.** रोजगार के लिए अनुसंधान **(**अपने लक्ष्यों को खोजना**)**<br>• विद्यार्थी अपने निकटवर्ती उद्योग/संस्था तथा वहाँ उपलब्ध करियर विकल्पों के बारे में जानकारी प्राप्त करने | **3. 10** वीं के बाद के मार्ग<br>• विद्यार्थियों को वह वीडियो दिखाया जाए विडियों लिंक : 10 वी के बाद के विकल्प जिसमें कक्षा 11 वीं, 12 वीं एवं डिप्लोमा से | **5.** करियर अनुभव करने के तरीके<br>• प्रेक्टिकल कार्य अनुभव, जैसे कि इंटर्नशिप, जॉब शैडोइंग, स्वयंसेवी कार्य, पार्ट-टाइम नौकरियाँ और | **3. 12** वीं के बाद के मार्ग<br>• कक्षा में 12 वीं के बाद उच्च शिक्षा के विकल्पों पर चर्चा करें।<br>• इसमें विभिन्न स्ट्रीम, उनके |

RajKaj Ref No.: 16562741
eSign DSC

| माह | कक्षा **9**<br>'सफर' पुस्तिका | कक्षा **10**<br>(मेरा अगला कदम) | कक्षा **11**<br>(करियर का अनुभव) | कक्षा **12**<br>(मेरा करियर प्लान) |
|---|---|---|---|---|
| | का प्रयास करें इसके लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करें।<br>• 'सफर' पुस्तिका गतिविधि 4 - रोजगार के लिए अनुसंधान को पूर्ण करने को कहें।<br>• इस पर कक्षा में चर्चा आयोजित करें और विद्यार्थियों को अपने अनुभव साझा करने का अवसर दें (30 min)<br>**5. रुचि परीक्षण टूल**<br>• विद्यार्थी रुचि परीक्षण टूल द्वारा अपनी रुचि एवं क्षमता का आकलन करेंगे।<br>• इसके लिए 'सफर' पुस्तिका गतिविधि 5 - रुचि परीक्षण टूल में उपलब्ध टूल का उपयोग करें। इस गतिविधि को कक्षा में करवाएँ और विद्यार्थियों को इसे समझने में मदद करें। (30 min)<br>• इससे विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार करियर विकल्प को पहचानेंगे। | संबंधित विभिन्न संकायों (विज्ञान, वाणिज्य, मानविकी आदि), उनमें पढ़ाए जाने वाले प्रमुख विषयों तथा उनसे संबंधित करियर विकल्पों की जानकारी प्रदान की गई है।(20 min)<br>• इस पर कक्षा में चर्चा आयोजित करें (10min) | प्रोजेक्ट आधारित लर्निंग के लाभो ं को समझाएँ।<br>• इन अनुभवों के माध्यम से विद्यार्थी अपनी योग्यताओ ं तक कैस े पहुँच सकत े हैं, इस पर चर्चा करें।<br>• इस गतिविधि में वर्कशीट [11.5.pdf](11.5.pdf) की मदद लें।<br>**6. मेरा करियर अनुभव प्रोजेक्ट**<br>-<br>• विद्यार्थी अपने चयनित करियर से संबंधित एक प्रोजेक्ट चुनें, जिसके माध्यम से वे उस करियर का अनुभव प्राप्त कर सकें।<br>• प्रोजेक्ट के कुछ उदाहरण है - रिसर्च करना, कौशल सीखना जैसे कंप्युटर स्किल्स, करियर में किसी अनुभवी व्यक्ति का साक्षात्कार करना। | अंतर्गत आने वाले पाठ्यक्रम, प्रवेश परीक्षाएँ तथा उनसे संबंधित संभावित करियर मार्गों की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान करें।<br>• कक्षा में 12 वीं के बाद व्यावसायिक शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण एवं उद्यमिता के विकल्पों पर चर्चा करें। विद्यार्थियों को ITI, पॉलिटेक्निक, अप्रेंटिसशिप, अल्पकालीन कौशल पाठ्यक्रम तथा स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान करें।<br>• इन विकल्पों पर जानकारी पाने के लिए आप नीचे दी गई वेबसाईट को देखें:<br>https:// |

| माह | कक्षा 9<br>'सफर' पुस्तिका | कक्षा 10<br>(मेरा अगला कदम) | कक्षा 11<br>(करियर का अनुभव) | कक्षा 12<br>(मेरा करियर प्लान) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | hte.rajasthan.gov.in/<br>www.apprenticeshipindia.gov.in |
| अक्टूबर | **6.** करियर मार्गदर्शन में करियर कार्ड्स का उपयोग<br>• विद्यार्थियों को 600 करियर विकल्पों की जानकारी हेतु जॉब कार्ड बुक तथा नीचे दिए गए पोर्टल लिंक को देखने के लिए कहा जाएँ।<br>• विद्यार्थी अपने पसंदीदा करियर कार्ड खोजकर संबंधित जानकारी को 'सफर' कार्यपुस्तिका गतिविधि 6 - करियर कार्ड्स का उपयोग में लिखें।<br><br>करियर कार्ड्स लिंक: https://cg.rajasthan.gov.in/careerguidance/ | **4. 10** वीं के बाद के मार्ग - वोकैशनल<br>• कक्षा में विद्यार्थियों से आईटीआई, अप्रेंटिसशिप जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पर चर्चा करें। विद्यार्थियों को वह वीडियो दिखाया जाएँ - विडियों लिंक : 10 वीं के बाद के विकल्प (20 min)<br>• साथ ही, दूरस्थ शिक्षा और ओपन स्कूलिंग के माध्यम से पढ़ाई जारी रखने के विकल्पों की जानकारी दें। यह उन्हें वैकल्पिक करियर मार्ग समझने में मदद करेगा। (10 min)<br>इन विकल्पों पर जानकारी पाने के लिए आप नीचे दी गई वेबसाईट को देखें-<br><br>https://rajasthanstateopenschool.com/<br>https:// | **7.** मेरे आस-पास काम के अवसर<br>• विद्यार्थी अपने समुदाय में उपलब्ध संभावित कार्य अनुभव (Work Experience) के अवसरो की पहचान करें।<br>• इन अवसरों के लिए आवेदन प्रक्रिया की योजना बनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करें।<br>• इस गतिविधि में वर्कशीट 11.7.pdf की मदद लें। | **4.**अपने करियर के मार्ग तलाशना<br>• विद्यार्थी अपने चयनित करियर के करियर कार्ड का अवलोकन कर यह जानें कि संबंधित क्षेत्र में उन्नति एवं विकास की क्या संभावनाएँ हैं तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु आवश्यक योग्यताएँ कौन-कौन सी हैं।<br>करियर कार्ड्स लिंक- https://cg.rajasthan.gov.in/careerguidance/<br>-<br>• करियर से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने के लिए किसी अनुभवी से बातचीत करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करें या स्कूल में |

RajKaj Ref No.: 16562741
eSign DSC

| माह | कक्षा **9**<br>'सफर' पुस्तिका | कक्षा **10**<br>(मेरा अगला कदम) | कक्षा **11**<br>(करियर का अनुभव) | कक्षा **12**<br>(मेरा करियर प्लान) |
|---|---|---|---|---|
| | | hte.rajasthan.gov.in/<br>www.apprenticeshipindia.gov.in | | अनुभवी वक्ता का सत्र आयोजित करें । |
| नवंबर | **7.** रुचि परीक्षण टूल के आधार पर मेरे करियर क्षेत्र<br>• प्रत्येक विद्यार्थी अपनी रुचि, क्षमता एवं वास्तविकता के अनुरूप अपने लिए उपयुक्त संभावित करियरों की सूची बनाएँ।<br>• विद्यार्थी 'सफर' पुस्तिका गतिविधि 7 के प्रश्नों के अनुसार अपनी योजना स्वयं बनाएँगे।<br>• विद्यार्थी ऐसे तीन करियर के बारे में सोचेंगे जो उनकी रुचि, क्षमता और वास्तविकता से मेल खाते हों।<br>**8.** मेरे रुचि के करियर क्षेत्र के लोगों से साक्षात्कार<br>• विद्यार्थियों को सफर पुस्तिका गतिविधि 8 को पूरा करने के लिए प्रेरित करें। इसमे विद्यार्थी अपने | **5.**मेरे अगले कदम<br>• विद्यार्थी कक्षा 10 वीं के बाद अपने चयनित करियर के अनुरूप प्रारंभिक और भविष्य की शिक्षा/प्रशिक्षण की दिशा निर्धारित करें। उन्हें अपने साथियों से इस पर खुली चर्चा करने को कहें ।<br>• इसके लिए करियर कार्ड का उपयोग करते हुए आगामी कदमों की जानकारी प्राप्त करें।<br>करियर कार्ड्स लिंक : https://cg.rajasthan.gov.in/careerguidance/<br>• इस गतिविधि के लिए वर्कशीट 10.5.pdf की मदद लें। | **8.** कार्य कौशल<br>• विद्यार्थीयों को अपने चुने हुए करियर में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कार्य कौशल को पहचान करने में और समझने में मदद करें।<br>• कार्य कौशल पर चर्चा करने के लिए किसी ऐसे विशेषज्ञ वक्ता को आमंत्रित करें, जिसे किसी संगठन में काम करने का अनुभव हो या जो स्वय का व्यवसाय संचालित करता हो।<br>• इस गतिविधि के लिए वर्कशीट 11.8.pdf की मदद लें।<br>**9.** संचार और सहयोग कौशल<br>• विद्यार्थी दी गई केस स्टडी के माध्यम से संचार एवं सहयोग | **5.** उद्यमशीलता<br>• कुछ विद्यार्थी खुद का व्यवसाय शुरू करने में या अपने पारिवारिक व्यवसाय को आगे बढ़ाने की सोच रहे हो।<br>• कक्षा में उद्यमशीलता पर चर्चा करें। इस गतिविधि के लिए वर्कशीट 12.5.pdf की मदद लें। |

RajKaj Ref No.: 16562741
eSign DSC

| माह | कक्षा 9<br>'सफर' पुस्तिका | कक्षा 10<br>(मेरा अगला कदम) | कक्षा 11<br>(करियर का अनुभव) | कक्षा 12<br>(मेरा करियर प्लान) |
|---|---|---|---|---|
| | पसंदीदा करियर क्षेत्र में सफल व्यक्तियों से संपर्क कर उनसे संबंधित करियर के बारे में चर्चा करेंगे और समझेंगे।<br>• कक्षा में कोई दो लड़के और दो लड़कियों को अपना अनुभव साझा करने को कहें, अगर कोई विकलांग बच्चा हो तो उसे अनुभव साझा करने का अवसर अवश्य दें। | | कौशल सीखेंगे तथा प्रत्येक स्थिति में अपनाए जाने वाले तरीकों पर कक्षा में चर्चा करेंगे।<br>• इस गतिविधि के लिए केस स्टडी 11.9.pdf की मदद लें।<br>**10.** समय प्रबंधन और समस्या समाधान<br>-<br>• विद्यार्थी दी गई केस स्टडी के माध्यम से समय प्रबंधन और समस्या समाधान जैसे कौशलों के बारे में जानेंगे और प्रत्येक स्थिति में वे क्या तरीका अपनाएंगे, इस पर कक्षा में रोल प्ले और चर्चा करेंगे।<br>• इस गतिविधि के लिए केस स्टडी 11.10.pdf की मदद लें। | |
| दिसंबर | **9.** अभिभावकों से बातचीत<br>• विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करें कि वे अपने करियर विकल्पों पर घर पर अभिभावकों के साथ चर्चा करें।<br>• 'सफर' पुस्तिका गतिविधि 9 - अभिभावकों से | **6.** मेरे करियर की चुनौतियाँ<br>• विद्यार्थी अपने करियर मार्ग में संभावित चुनौतियों की सूची तैयार करें तथा आगे बढ़ने की योजना बनाएँ। इस पर निष्पक्ष | **11.** नेटवर्किंग कौशल<br>• विद्यार्थी दी गई केस स्टडी के माध्यम से नेटवर्किंग कौशल (संपर्क स्थापित करने के कौशल) के बारे में जानेंगे और प्रत्येक स्थिति में वे क्या तरीका अपनाएंगे, इस पर कक्षा में चर्चा करेंगे। | **6.** मेरी करियर योजना<br>• विद्यार्थी कक्षा 12 वीं के पश्चात् अपने चयनित करियर हेतु उपयुक्त तात्कालिक शिक्षा, प्रशिक्षण या रोजगार का मार्ग चुनेंगे और |

RajKaj Ref No.: 16562741
eSign DSC

| माह | कक्षा 9<br>'सफर' पुस्तिका | कक्षा 10<br>(मेरा अगला कदम) | कक्षा 11<br>(करियर का अनुभव) | कक्षा 12<br>(मेरा करियर प्लान) |
|---|---|---|---|---|
| | बातचीत में सम्मिलित प्रश्न इस संवाद में सहायता प्रदान करेंगे।<br>• कुछ विद्यार्थियों को अपने अभिभावकों के साथ बातचीत करने का अनुभव कक्षा में साझा करने को कहें।<br>• सभी विद्यार्थियों से कहें की वे एक दूसरे की बात को निष्पक्ष हो कर सुने और किसी भी प्रकार की टिप्पणी ना करें। | रूप से कक्षा में चर्चा करें।<br>• इस गतिविधि के लिए वर्कशीट 10.6.pdf का उपयोग करें। | • इस गतिविधि के लिए केस स्टडी 11.11.pdf की मदद लें। | अगले तीन साल के लिए एक स्पष्ट योजना तैयार करेंगे ।<br>• इस गतिविधि के लिए वर्कशीट 12.6.pdf की मदद लें। |
| जनवरी | **10.** व्यक्तिगत विकास योजना<br>• सफर' पुस्तिका में दी गई गतिविधि 10 - व्यक्तिगत विकास योजना के माध्यम से विद्यार्थी अपने करियर की तैयारी में सहायक तत्वों तथा संभावित बाधाओं की पहचान करेंगे।<br>• कक्षा में इस विषय पर चर्चा आयोजित करें। | | **12.** अपना **CV** बनाना<br>• विद्यार्थीयों को CV का उद्देश्य बताएँ, CV बनाते समय क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, इसकी पहचान करवाएँ ।<br>• फिर विद्यार्थी टेम्पलेट से अपना स्वयं का एक CV तैयार करेंगे।<br>• टेम्पलेट - 11.12.pdf<br>**13.** साक्षात्कार कौशल<br>• विद्यार्थीयों को साक्षात्कार का उद्देश्य समझाएँ और नौकरी के लिए आवश्यक साक्षात्कार(इंटरव्यू) | |

RajKaj Ref No.:
16562741
eSign DSC

| माह | कक्षा **9**<br>'सफर' पुस्तिका | कक्षा **10**<br>**(**मेरा अगला कदम**)** | कक्षा **11**<br>**(**करियर का अनुभव**)** | कक्षा **12**<br>**(**मेरा करियर प्लान**)** |
|---|---|---|---|---|
| | | | कौशलों का अभ्यास करवाएँ।<br>• इस गतिविधि के लिए वर्कशीट 11.13.pdf की मदद लें। | |
| फ़रवरी | **11.** <u>मेरा करियर मेरी योजना</u><br>• विद्यार्थी 'सफर' पुस्तिका में उल्लिखित गतिविधि 11 के माध्यम से अपने अनुभवों का विश्लेषण कर संभावित करियर योजना बनाएँ।<br>• योजना बनाने में विद्यार्थियों की आप सहायता करें। | | **14.** मेरी करियर योजना<br>• विद्यार्थी दी गई वर्कशीट 11.14.pdf की सहायता से अपनी वर्तमान क्षमताओं और अनुभव का आत्ममूल्यांकन करके एक करियर तैयारी योजना बनाएँगे।<br>• इस योजना में प्रवेश परीक्षाओं की आवश्यकता, कौशल विकास के कदम और अनुभव प्राप्त करने के उपाय शामिल होंगे। | |

उत्तरदायित्व-

जिला स्तर के दायित्व –

- ब्लॉक एवं विद्यालयों तक करियर मार्गदर्शन की गतिविधियों के संचालन हेतु वार्षिक करियर कैलेंडर की पहुँच सुनिश्चित की जाएँ।
- समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी व्यावसायिक शिक्षा के साथ मिलकर करियर कैलेंडर अनुसार गतिविधियों के आयोजन हेतु प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएँ।
- कैरियर मार्गदर्शन से सम्बंधित व्यक्तियों (NGOs) एवं DIETs के साथ समन्वय स्थापित किया जाए।
- सभी विद्यालयों में कैरियर मार्गदर्शन से संबंधित सामग्री उपलब्ध कराई जाए।
- राज्य परियोजना कार्यालय (समग्र शिक्षा) को त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

ब्लॉक स्तर के दायित्व –

RajKaj Ref No.:
16562741
eSign DSC

- विद्यालयों तक करियर मार्गदर्शन की गतिविधियों के संचालन हेतु वार्षिक करियर कैलेंडर की पहुँच सुनिश्चित की जाएँ।
- समस्त PEEO/UCEEO एवं प्रभारी व्यावसायिक शिक्षा के साथ मिलकर करियर कैलेंडर अनुसार गतिविधियों के आयोजन हेतु प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।
- माह वार निर्धारित गतिविधियों के अनुसार विद्यालयों को गतिविधियों के संचालन में आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए।
- स्थानीय सन्दर्भ व्यक्तियों (पेशेवरों, पूर्व छात्रों, प्रशिक्षकों) की पहचान कर उन्हें विद्यालयों से जोड़ा जाए।
- विद्यालयों से डेटा एकत्र कर मासिक रिपोर्ट तैयार कर जिला कार्यालय को नियमित रिपोर्टिंग की जाए।

**PEEO/UCEEO** स्तर के दायित्व –

- विद्यालयों तक करियर मार्गदर्शन की गतिविधियों के संचालन हेतु वार्षिक करियर कैलेंडर की पहुँच सुनिश्चित की जाए।
- विद्यालयों में कैरियर मार्गदर्शन गतिविधियों के संचालन हेतु प्रधानाचार्यों को सहयोग प्रदान किया जाए।
- निर्धारित कार्यक्रमों के दौरान विद्यालयों का भ्रमण कर वास्तविक समय पर सहयोग और प्रक्रिया प्रलेखन किया जाए।
- विद्यालयों और स्थानीय पेशेवरों के बीच संवाद स्थापित कराया जाए।
- विद्यालयों से गतिविधि अद्यतन और फीडबैक एकत्र कर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।
- स्कूल प्रबंधन समितियों (SMCs) और अभिभावकों को भी गतिविधियों में जोड़ने के लिए प्रेरित किया जाए।

संस्था प्रधान के दायित्व –

- वार्षिक करियर कैलेंडर अनुसार करियर मार्गदर्शन की गतिविधियों का सफल संचालन सुनिश्चित किया जाए।
- विषय अध्यापकों और कैरियर समन्वयकों (यदि उपलब्ध हों) को गतिविधियों में शामिल किया जाए ।
- विद्यालय में कैरियर से संबंधित जानकारी प्रदर्शन की जाए (नोटिस बोर्ड, चार्ट, पोस्टर) ।
- सम्बंधित PEEO/UCEEO को मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर समीक्षात्मक बैठकों में भाग लिया जाए।

**<u>मॉनिटरिंग एवं अभिलेख संधारण -</u>**

- प्रत्येक विद्यालय द्वारा करियर शिक्षा प्रभारी के लिए एक व्यक्ति को नामित किया जावें।
- गतिविधियों के आयोजन के पश्चात निम्न गूगल फॉर्म पर प्रत्येक विद्यालय द्वारा सूचनाएं आवश्यक रूप से भरी जानी है। सभी विद्यालय प्रत्येक कक्षा की प्रत्येक गतिविधि के लिए पुनः सूचनाएं इंद्राज करें। (Google Form - https://bit.ly/rajcareercalendar)

**(अनुपमा जोरवाल)**
राज्य परियोजना निदेशक
एवं आयुक्त

RajKaj Ref No.: 16562741

eSign DSC

**क्रमांकः–रा.स्कू.शि.प. / जय / 2025 –26 /** **दिनांक :**

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. *निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।*
2. *निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।*
3. *निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।*
4. *निदेशक आरएससीईआरटी, उदयपुर।*
5. *अति. राज्य परियोजना निदेशक-प्रथम/द्वितीय समग्र शिक्षा, जयपुर।*
6. *वित्तीय सलाहकार, रास्कूशिप, जयपुर।*
7. *उपायुक्त, पीएमश्री, रास्कूशिप, जयपुर।*
8. *जिला प्रभारी, समस्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।*
9. *प्रोग्रामर, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर को भेजकर लेख है कि दिषा-निर्देष को समग्र शिक्षा की वेबसाईट पर अपलोड किया जाना सुनिष्चित करें।*
10. *संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त संभाग।*
11. *मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समस्त जिले।*
12. *अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।*
13. *मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लॉक।*
14. PEEO/UCEEO, *समस्त।*
15. *कार्यालय प्रति।*

Signature Not Verified

Digitally Signed by Anupama Jorwal
Designation : State Project Director
Date :24-07-2025 11:21:59